एक नजर में

महान गायक कलाकार किशोर कुमार के गीतों से गूंजेगा कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम

मंदसौर। भारतीय संगीत जगत के महान पार्श्व गायक स्व. किशोर कुमार के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर मंदसौर शहर में एक भव्य एवं सुरीली संगीत संध्या का आयोजन होने जा रहा है। सागर म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का नाम ''गाता रहे मेरा दिल'' रखा गया है, जिसमें संगीत प्रेमी सुरमई गीतों की शाम का आनंद उठा सकेंगे। यह संगीतमय कार्यक्रम आज 2 अगस्त 2026, रविवार को शाम 7 बजे से शहर के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम, मंदसौर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में शहर एवं आसपास के गुणी गायकों और कलाकारों द्वारा किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में सुरों का जादू बिखेरने के लिए प्रमुख रूप से उज्जैन से

गायिका माधुरी वासनिक, अनु एवं पारूल मण्डलोई अपनी मधुर आवाज़ में प्रस्तुतियां देंगे। वहीं गायक भरत लखवानी और तेजकरण चौहान अपनी गायकी से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर करेंगे। इस शाम में मिठास घोलने के लिए बांसुरी वादक रवि श्रोत्रिय अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे, जबकि मंच संचालन की कमान एंकर प्रियंका जायसवाल एवं त्रिलोक रूपलानी संभालेंगे। सागर म्यूजिकल ग्रुप मंदसौर के अध्यक्ष भरत लखवानी ने सभी संगीत प्रेमियों से विनम्र आग्रह करते हुए कहा है कि वे इस संगीतमय आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पधारे और कलाकारों का उत्साहवर्धन कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

कोरोना काल में बोया मदद का पौधा बना सहारा- स्व. क्रांति परिवर्तन के पुत्र को मिला सावधि जमा के 34,375 रू. का चेक

मन्दसौर। जागृति मंच मंदसौर अपने सदस्यों के हितों के लिये सदैव कार्यरत रहती है। इसी क्रम में जागृति मंच के सदस्य श्री क्रांति परिवर्तन पिता श्री नाथूलाल का निधन कोरोना काल के दौरान होने पर संस्था सदस्यों द्वारा 5 जुलाई 2021 को एकत्र की गई 25 हजार रू. की राशि एफ.डी. की गई थी। 5 वर्ष पश्चात उस एफ.डी. की रकम से प्राप्त 34 हजार 375 रू. की राशि का चैक मेघवाल संघ साख सहकारी संस्था मर्यादित मंदसौर द्वारा स्व. श्री क्रांति परिवर्तन के पुत्र आत्या पब सस्वा को प्रदान किया गया। मेघवाल संघ साख सहकारी संस्था मर्यादित मंदसौर के प्रबंधक रामेश्वर राठौर ने बताया कि श्री क्रांति परिवर्तन के निधन के दौरान एकत्र की गई राशि की एफ.डी. कराने का उद्देश्य था कि यह राशि श्री क्रांति परिवर्तन के बच्चों की उच्च शिक्षा में काम आये। पांच वर्ष बीतने के बाद जब यह राशि उनके पुत्र आत्या पब सस्वा को दी गई तो उसके लिये उसने जागृति मंच के सदस्यों को आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जागृति मंच के के.सी. सोलंकी, रामलाल लोदवार, रघुवीर मालवी, रामेश्वर राठौर, पी.सी. भारती, रघुनंदन श्रीमाल आदि सदस्य उपस्थित थे। सभी ने आत्या पब सस्वा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

मंदसौर पुलिस की सिंथेटिक ड्रग्स के विरूद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई

एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री पर सीतामऊ पुलिस की विशेष कार्रवाई में आरोपीगण फरार है

सीतामऊ/नाहरगढ। पुलिस मुख्यालय के द्वारा अवैध मादक पदार्थ एवं सिंथेटिक ड्रग्स को पकडने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे मंदसौर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के द्वारा सभी थाना प्रभारियो को कठोरतम कार्यवाही के निर्देश दिये गये थे उक्त निर्देश के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम स्नेही मीश्रा, अनुविभागीय अधिकारी दिनेश प्रजापति के द्वारा एक विशेष टीम थाना सीतामऊ पर गठित की गयी थी। घटना का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 31.07.2026-01.08.2026 की दरमियानी रात को मुखबिर की सुचना पर कार्यवाही करते हुए घटना स्थल दिलीप गायरी का खेत पर बना टीन

शेड मानपुरा - बडावदी रोड पर पानी की टंकी के पास ग्राम मानपुरा थाना सीतामऊ पर दबिश दी गयी जो मौके से आरोपी दिलीप पिता भेरूलाल गायरी, गोविन्द पिता भेरूलाल गायरी निवासीगण मानपुरा थाना सीतामऊ एवं पिंटू सिंह सिसौदिया निवासी बजरंगगढ राजस्थान के द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर किया गया पुलिस के द्वारा भी अपने बचाव मे एवं आरोपियो को पकडने के उद्देश्य से फायर किये गये किंतु आरोपी अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गये आरोपी दिलीप एवं गोविन्द के कब्जे की टीन शेड से 110 ग्राम एमडी, एमडी बनाने का केमिकल (एमडीसी, एचसीएल, ब्रोमो एवं उपकरण (ड्रम, ड्रायर, इलेक्ट्रोनिक तोल काटा, गैस भट्टी, वायर, प्लास्टिक की खाली बालटिया व डिब्बे, स्टील का तपेला एवं नीले ड्रम जिनके ढक्कन पर इलेक्ट्रोनिक मोटर फिट है) एवं विना नंबर की महिन्द्रा स्कार्पियो एन कार एवं अन्य उपकरण मौके से जप्त किया गया एवं आरोपीगणो के विरूद्ध अपराध क्र. 414/26 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट 109, 132 बीएनएस 25,27 आर्म्स एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

जब्त शुदा सामग्री : 110 ग्राम एमडी ड्रग्स, एक बिना नम्बर की स्कार्पियो एन कार, चार नीले रंग की मिल्क केन मे एमडीसी केमिकल 208 किलोग्राम, 02 ओरेंज रंग की एवं 02 नीले रंग मिल्क केन मे 117 किलो 800 ग्राम केमिकल, 02 सफेद पारदर्शी थेलियो मे रखा क्रिस्टल नुमा 01 किलो 800 ग्राम, एक इलेक्ट्रोनिक तोल काटा, एक गैस भट्टी चुल्हा, एक इलेक्ट्रिक हीटगन (ड्रायर), दो नीले ट्रम जिन पर छाछ बनाने की मशीन लगी हुई है, 10 प्लास्टिक की बालटिया, 05 प्लास्टिक के जग, 31 स्टील की थाली, एक स्टील का बडा भगोना, टिशू रोल पेपर एवं अल्ट्राटेक के पीले रंग के टेप एवं अन्य उपकरण।

फरार आरोपीगण दिलीप गायरी निवासी ग्राम मानपुरा, गोविन्द पिता भेरूलाल गायरी निवासी ग्राम मानपुरा थाना सीतामऊ व पिंटु सिंह सिसौदिया निवासी बजरंगगढ राजस्थान।

मनुष्य भव का महत्व समझो - श्री विरल विजयजी

मंदसौर। जैन धर्म व दर्शन मनुष्य भव की महत्ता बताता है। हमारी आत्मा कई जन्म लेकर कई शरीर प्राप्त कर चुकी है लेकिन हमारा आत्म कल्याण नहीं हुआ।

हमें आत्म कल्याण का अवसर केवल इसी भव में प्राप्त करना है। मनुष्य भव एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो हमें आत्म कल्याण का अवसर देता है हमें इस अवसर का लाभ लेना चाहिये तथा मनुष्य भव की महत्ता समझना चाहिये। उक्त उद्गार परम पूज्य जैन संत श्री विरल विजयजी म.सा. ने नई आबादी स्थित आराधना भवन में कहे।

आपने शनिवार को यहाँ धर्मसभा में कहा कि जैन आगम श्री शांत सुधारस द्वारा मनुष्य भव की महत्ता बताता है। चातुर्मास काल में प्रतिदिन इस आगम का वाचन व उसका भावार्थ समझाया जा रहा है। धर्मालुओं को पूरे मनोभाव से इसका श्रवण करना चाहिये। हमने 84 लाख जीव योनि में भटकते हुए यह मनुष्य भव पाया है।

साबाखेड़ा की मूलभूत समस्याओं को लेकर जय आदिवासी युवा शक्ति ग्रामीणों के बीच पहुंची

मंदसौर। ग्राम पंचायत साबाखेड़ा की नई आबादी में लंबे समय से चली आ रही विभिन्न मूलभूत समस्याओं को लेकर जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) मंदसौर के प्रतिनिधिमंडल ने ग्राम पंचायत सरपंच श्री परमानंद जी धनगर से मुलाकात कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में नई आबादी क्षेत्र में सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण एवं अन्य आवश्यक विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। सरपंच परमानंद धनगर ने ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए बताया कि सीसी रोड एवं सामुदायिक भवन का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा,`। इस अवसर पर जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) मंदसौर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, मातृशक्ति, वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने गांव के समग्र विकास एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान जयस उज्जैन संभाग अध्यक्ष एवं संयुक्त बेरोजगार नवयुवक एकता समिति (म.प्र.) के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय खराड़ी ने कहा कि 'जनहित से जुड़े मुद्दों को लगातार जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के समक्ष उठाया जाएगा। ग्रामीणों के अधिकारों और विकास कार्यों के लिए संगठन सदैव प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।'

गुर्जर बरड़िया के सांदीपनि विद्यालय में वितरित किए बैग एवं नोटबुक

मंदसौर। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, मंदसौर शाखा द्वारा संचालित नि:शुल्क पाठ्य सामग्री वितरण अभियान के अंतर्गत गत दिवस गुर्जर बरड़िया स्थित सांदीपनि विद्यालय में स्वर्गीय श्री गोपाल पालीवाल की पावन स्मृति में 50 विद्यार्थियों को स्कूल बैग तथा नोटबुक-रजिस्टर वितरित किए गए। कार्यक्रम प्रसिद्ध भागवताचार्य डॉ. देवेंद्र शास्त्री के सान्निध्य तथा मंदसौर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश समन्वयक श्री नरेंद्र अग्रवाल ने की। विशेष अतिथियों के रूप में वरिष्ठ पत्रकार श्री लोकेश पालीवाल,

भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्री जीवन शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री भैरूलाल सेन एवं ग्राम सरपंच प्रतिनिधि श्री शांतिलाल गुर्जर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती रानी अनिल अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री संजय वर्मा, श्री नरेंद्र त्रिवेदी, प्रोजेक्ट चेयरमैन श्री विवेक पालीवाल, सामाजिक कार्यकर्ता श्री रमेश काबरा, श्री राजेंद्र चास्ता, पत्रकार श्री प्रीतेश राव, श्री संतोष गोयल, श्री मनीष जैन, श्री गणेश सोनगरा, श्री संजय नीमा, श्री पंकज मित्तल, महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती किरण गणेश सोनगरा, सचिव श्रीमती प्रिया विवेक पालीवाल, श्रीमती अलका जैन, श्रीमती प्रिया आशीष पालीवाल एवं श्रीमती प्रतिभा भट्ट की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र शास्त्री ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय गुरुकुल पद्धति की उत्कृष्ट परंपरा पर आधारित एक आदर्श शिक्षण संस्थान है, जहाँ विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने विद्यालय के भव्य एवं सर्वसुविधायुक्त भवन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आधुनिक भवन अनेक निजी विद्यालयों में भी देखने को नहीं मिलते। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे पूरे मनोयोग से अध्ययन करें, क्योंकि आने वाला समय ज्ञान और शिक्षा का है।

प्रेमचंद की रचनाएं आज भी सामाजिक बदलाव की प्रेरणा देती हैं

पिपलियामंडी। संकुल केंद्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पिपलिया मंडी में महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रेमचंद के साहित्य की प्रासंगिकता, सामाजिक सरोकार, नारी सशक्तिकरण, मानवीय संवेदना, नैतिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि

प्रेमचंद का साहित्य केवल अपने समय का चित्रण नहीं करता, बल्कि आज के सामाजिक जीवन की चुनौतियों को समझने और बेहतर समाज बनाने की प्रेरणा भी देता है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं मंदसौर के साहित्यिक-सांस्कृतिक संरक्षक श्री नरेंद्र सिंह सिपानी ने कहा कि प्रेमचंद ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं और वंचित वर्गों की पीड़ा को जिस संवेदनशीलता और यथार्थ के साथ अपनी रचनाओं में अभिव्यक्त किया, वह आज भी प्रासंगिक है। संकुल प्राचार्य बी.आर. सिसोदिया ने कहा कि प्रेमचंद की सरल भाषा और जनजीवन से जुड़ी रचनाएँ विद्यार्थियों को जीवन-मूल्यों की शिक्षा देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रेमचंद के साहित्य को पढ़ने का आह्वान किया।

स्थानीय विद्यालय के वरिष्ठ हिंदी शिक्षक पी.एल. चौहान ने प्रेमचंद के साहित्य को सामाजिक चेतना का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि उनकी रचनाएँ आज भी पाठकों को सोचने और समाज को बेहतर बनाने की प्रेरणा देती हैं।

कार्यक्रम में, जगदीश चंद गुजरिया नीरज सोनी, जय कुमारी जैन, रीना वर्मा प्रकाश प्रजापति, रमेश चंद जाटव, आशा कुमावत, पूजा राठौर, गंगा पालड़ीया, संगीता कुमावत, विनोद पाटीदार, सतनाम कारपेंटर, कन्हैयालाल चढ़ावत, सादिक धारी, कन्हैयालाल सेन आदि विद्यालय स्टाफ उपस्थित थे।

नीमच

एक नजर में

जनसुनवाई में प्राप्त रास्ता विवाद शिकायत का मौके पर कराया शांतिपूर्ण निराकरण

नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण की दिशा में राजस्व विभाग द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम विशनिया में आवागमन के रास्ते से संबंधित विवाद का मौके पर ही उभय पक्षों की आपसी सहमति से सफलतापूर्वक समाधान कराया गया। अतिरिक्त तहसीलदार, नीमच ग्रामीण के न्यायालय में प्रकरण क्रमांक 0004/अ-13/2026-27 के अंतर्गत ग्राम विशनिया निवासी विष्णु पिता नारायण एवं नारायण पिता रामलाल, दोनों जाति दमामी, द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर ग्राम विश ?निया स्थित सर्वे नंबर 861, रकबा 0.21 हेक्टेयर की भूमि पर आवागमन के मार्ग से संबंधित विवाद के निराकरण हेतु राजस्व विभाग का दल गठित किया गया। गठित दल ने शनिवार को मौके पर पहुंचकर भूमि का निरीक्षण, सीमांकन एवं आवश्यक राजस्व कार्रवाई की। इसके पश्चात दोनों पक्षों से चर्चा कर आपसी सहमति बनाई गई और रास्ते से संबंधित विवाद का सर्वसम्मति से शांतिपूर्ण समाधान कराया गया। मौके पर हुए इस समाधान से संबंधित कृषकों के लिए आवागमन का मार्ग सुगम हो गया। साथ ही, न्यायालय में लंबित प्रकरण का भी सौहार्दपूर्ण निराकरण सुनिश्चित हुआ। यह कार्रवाई जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के संवेदनशील, समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण के प्रति जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

22 वर्ष तक भारतीय सेना में सेवा देने के बाद सैनिक दिनेश चंद्र गायरी का किया स्वागत

नीमच। भारतीय सेना में 22 वर्षों तक मातृभूमि की सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त होकर स्वदेश लौटे सैनिक दिनेश चंद्र गायरी का शनिवार को नीमच में भव्य एवं भावपूर्ण स्वागत किया गया। रेलवे स्टेशन से लेकर शहर के प्रमुख मार्गों तक 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के जयघोष गूंजते रहे। देशभक्ति के माहौल के बीच नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। कोटा-मंदसौर ट्रेन से नीमच रेलवे स्टेशन पहुंचने पर परिजनों, समाजजनों, मित्रों एवं नागरिकों ने पुष्पमालाएं पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद खुले वाहन में उनकी सम्मान यात्रा निकाली गई। तिरंगों, देशभक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों के साथ निकली यात्रा ने पूरे शहर को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। सम्मान यात्रा रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई उनके गृह ग्राम धामनिया लासूर के लिए रवाना हुई। मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया तथा राष्ट्र सेवा के प्रति आभार व्यक्त किया। दिनेश चंद्र गायरी ने अपने 22 वर्षों के सैन्य सेवाकाल में उधमपुर, संगरूर, सिक्किम, मेरठ, भुज, उरी और कोटा सहित देश के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सेवाएं दीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी तैनाती उरी सेक्टर में रही।

सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र नीमच का 59वां स्थापना दिवस श्रद्धा, गौरव एवं उत्साह के साथ मनाया

नीमच। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जन्मस्थल नीमच स्थित ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ का 59वां स्थापना दिवस आज पूरे उत्साह, गरिमा एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर श्री सुरेन्द्र कुमार उप महानिरीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में ऐतिहासिक शौर्य स्थल को आकर्षक एवं भव्य रूप से सजाया गया, जहां आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में ग्रुप केंद्र के सभी अधिकारियों ने अमर वीर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इसके पश्चात वीर शहीदों को सलामी दी गई तथा देशभक्ति से ओतप्रोत पारंपरिक गीत 'वतन की राह में वतन के नौजवान शहीद हों' का सामूहिक गायन कर वातावरण को राष्ट्रप्रेम एवं गौरव की भावना से अभिभूत कर दिया गया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों/जवानों ने सरदार पोस्ट से लाई गई परम पावन मिट्टी से भरे पवित्र कलश पर माल्यार्पण एवं पुष्प चढ़ाकर राष्ट्ररक्षा के प्रति अपने समर्पण एवं शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

01 अगस्त, 1968 को सीआरपीएफ की जन्मस्थली नीमच में ग्रुप केंद्र की स्थापना हुई थी और आज इसकी 59वीं वर्षगांठ है। नीमच केवल सीआरपीएफ की जन्मस्थली ही नहीं, बल्कि बल की गौरवशाली परंपराओं, विकास यात्रा और अदम्य शौर्य का जीवंत साक्षी भी है। भारत सरकार द्वारा जिस उद्देश्य एवं दायित्व के साथ सीआरपीएफ का गठन किया गया था, उस पर यह बल सदैव खरा उतरा है। देश की आंतरिक सुरक्षा, शांति व्यवस्था एवं राष्ट्रीय एकता की रक्षा में सीआरपीएफ ने हर चुनौती का साहस, समर्पण एवं दक्षता के साथ सामना किया है और भविष्य में भी प्रत्येक चुनौती से निपटने के लिए पूर्णत: सक्षम एवं प्रतिबद्ध है।

अगस्त माह में जिले में चार शिविर होंगे आयोजित

नीमच। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने अगस्त माह में आयोजित किए जाने वाले शिविरों का रोस्टर जारी किया है। अभियान के तहत विभिन्न नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाएगा। जारी रोस्टर के अनुसार 7 अगस्त को नगर पालिका मनासा में शिविर आयोजित होगा, जिसमें नगर पालिका मनासा सहित ग्राम पंचायत नलखेड़ा, चुकनी, अरनिया माली, कचौली, आंकली, शेषपुर, बरडिया, लोडकिया, ढाकनी एवं दुरगपुरा, अचलपुरा क्षेत्र शामिल रहेंगे। 14 अगस्त को हरवार में आयोजित शिविर में अरनिया बोराना, बामनिया, बमोरी, भंवरासा, चल्दू, छाछखेड़ी, हरवार, केलूखेडा, कोठड़ी ईस्तमुरार, कुचडौद, पालासोडा, फोफलिया, तालखेडा, विशनिया दलपतपुरा एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के नागरिक लाभान्वित होंगे। 21 अगस्त को झांतला में शिविर आयोजित होगा।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के सफल संचालन हेतु कलेक्टर ने जारी किए दिशा-निर्देश

नीमच। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 का संचालन 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को निर्धारित नगर परिषद, नगर पालिका एवं क्लस्टर पंचायत मुख्यालयों पर शिविर आयोजित कर आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं का लाभ तथा विभागीय सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

अभियान के दौरान प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे। प्रत्येक विभाग को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में भ्रमण कर योजनाओं की प्रगति सुनिश्चित करने तथा शिविरों से पूर्व लंबित कार्यों का शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के दौरान आमजन संवाद के साथ उद्योग संवाद भी आयोजित होगा, जिसमें लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्योगों से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। शिविरों में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पशुपालन तथा राजस्व सहित विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इनमें टीकाकरण, आयुष्मान, लाड़ली लक्ष्मी, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, टेक होम राशन, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, पेयजल व्यवस्था, पशु टीकाकरण, किसान एवं राजस्व संबंधी सेवाओं सहित अन्य योजनाओं के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

विजिया मित्र मंडल द्वारा नीमच से नीलकंठ महादेव तक 25वीं पैदल कावड़

नीमच। श्रावण मास के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विजिया मित्र मंडल द्वारा 25वीं पैदल कावड़ यात्रा का आयोजन रविवार, 16 अगस्त 2026 को किया जाएगा। यह यात्रा नीमच से प्रारंभ होकर नीलकंठ महादेव (बोरखेड़ी) तक पहुंचेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के जयकारों, बैंड-बाजों एवं मधुर शिव भजनों के साथ भक्तिमय वातावरण में शामिल होंगे। कार्यक्रम के अनुसार सुबह 7 बजे बावड़ी वाले बालाजी (खाटूश्याम) मंदिर में पवित्र गंगाजल एवं कावड़ का पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात सुबह 8बजे कावड़ यात्रा का शुभारंभ होगा। यात्रा का मार्ग श्रीराम मंदिर (जाजू बिल्डिंग), घंटाघर, बड़े बालाजी मंदिर, बारादरी चौराहा, रोडवेज बस स्टैंड, नीमच सिटी, पिपली चौक एवं स्वामी विवेकानंद कॉलेज होते हुए लक्ष्मी मंगल वेयरहाउस तक रहेगा, जहां श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार एवं प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद यात्रा ग्राम गिरदौड़ा, रेवली-देवली मार्ग से होते हुए नीलकंठ महादेव, बोरखेड़ी पहुंचेगी। मंदिर परिसर में दोपहर 12:15 बजे भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं विशेष पूजन होगा। इसके उपरांत शिव भजन संध्या आयोजित की जाएगी तथा दोपहर 1 बजे महा प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

एक नजर — समूहों के सुदृढ़ संचालन एवं आजीविका संवर्धन पर दिया मार्गदर्शन

राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी ने किया एनआरएलएम गतिविधियों का निरीक्षण

नीमच। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सहायक राज्य परियोजना प्रबंधक एवं राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी नेमिचन्द जादव ने 30 एवं 31 जुलाई को जिले के विभिन्न ग्रामों एवं मिशन गतिविधियों का भ्रमण कर स्व-सहायता समूहों की कार्यप्रणाली, आजीविका गतिविधियों तथा मिशन की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जिला एवं विकासखंड स्तरीय टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। भ्रमण के प्रथम दिवस 30 जुलाई को श्री जादव ने जिला एवं विकासखंड टीम के साथ लोक अधिकार केंद्र, विकासखंड नीमच का निरीक्षण किया। उन्होंने

केंद्र में प्राप्त होने वाले प्रकरणों की जानकारी लेते हुए उनके दस्तावेजों के सुव्यवस्थित संधारण एवं समयबद्ध निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

इसके उपरांत उन्होंने ग्राम कराड़िया महाराज का भ्रमण कर स्व-सहायता समूहों की दीदियों से संवाद किया।

उन्होंने समूहों की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए समूह संचालन से जुड़े 13 सूत्रों का नियमित पालन करने के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही नियमित समूह बैठकें आयोजित करने, अभिलेखों के संधारण तथा वित्तीय अनुशासन बनाए रखने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर समूहों को रिवॉल्विंग फंड, सामुदायिक निवेश निधि एवं बैंक ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया, समय पर ऋण पुनर्भुगतान तथा सीआईएफ राशि के पुनर्भुगतान संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्होंने समूहों को ऋण प्राप्त करने से पूर्व माइक्रो क्रेडिट प्लान तैयार करने तथा उसी के आधार पर ऋण लेने के लिए प्रेरित किया।